## संक्षिप्त

### शराब लूट का मामला दर्ज

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन हरसोली गांव में संचालित शराब के ठेके पर कार्यरत सेल्समैन को बंधक बनाकर करीब ढाई लाख रुपए की शराब लूट कर ले जाने का मामला दूदू थाने में दर्ज कराया गया। घटना की सूचना दूंदू पुलिस थाने में दी गई। मौके पर थाना निरीक्षक इंद्रप्रकाश यादव मय पुलिस के पहुंचे तथा साक्ष्य जुटाकर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर नाकाबंदी करवाई जाकर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गई।

### 49 विद्यार्थियों को नोटबुक वितरण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय महरोली में कक्षा 1 से 8 तक के उपस्थित 49 छात्र छात्राओं को व्यास सेवा संस्थान झोटवाडा जयपुर के सौजन्य से मुकेश कुमार अग्रवाल, हेमंत कुमार बाहेती, राकेश पाराशर, साँवर यादव (लीडर)महरोली ने सभी विषयों के गृहकार्य हेतु नोटबुक वितरित की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सैनी व स्टाफ सदस्य रामानंद शर्मा, कोमल कुमारी यादव उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सैनी ने आगन्तुक भामाशाहों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### सुमन सैनी बनी स्कूल व्याख्याता

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 11 ढाणी बीज्यावाली निवासी रमेश सैनी की बेटी सुमन सैनी का स्कूल व्याख्याता के पद पर चयन हुआ है। सतीश सैनी ने बताया कि सुमन सैनी ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुशलगढ बांसवाडा में व्याख्याता (इतिहास) पदभार ग्रहण किया है। सुमन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार जनों व गुरुजनों को दिया है। सुमन के व्याख्याता बनने पर इंदौरा परिवार समेत क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

### विभिन्न समस्याओं पर दिया ज्ञापन

**टोंक, (निसं)।** राशन कार्ड में केवाईसी नहीं होने के कारण पार्षदों व परिवादियों ने जिला कलेक्टर सोम्या झा को ज्ञापन देकर अवगत कराया। ज्ञापन में बताया कि राशन में केवाईसी नहीं होने के कारण सैकडों परिवार गेहुं लेने से वंचित रह गये है। आधार सेवा केन्द्र पर अपडेट में काफी समय लगने से केवाईसी कराने में समय लग रहा है तथा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के आधार अपडेट नहीं होने की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण सैकडों परिवार राशन डीलर की दुकान पर ही नही पंहुच पाये, जिससे वह गेहूं लेने से वंचित रहे। इस दौरान दर्जनभर पार्षद व वंचित परिवारजन मौजूद रहे।

### पानी बचाने का दिया सन्देश

**निवाई, (निसं)।** गांव राहोली के ग्यारह राजकीय विद्यालयों में चल रहे समर कैम्प में सेव वाटर थीम पर विविध आयोजनों के माध्यम से पानी बचाने का सन्देश दिया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरा की ढाणी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर कॉलोनी सहित ग्राम पंचायत राहोली के ग्यारह राजकीय विद्यालयों में सेव वाटर थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पीएमश्री विद्यालय राहोली में सेव वाटर थीम पर फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर व्याख्याता दिनेशकुमार बैरवा, गुलाबचन्द वर्मा, गणेशी माली, प्रेमचन्द बैरवा, चन्दा लाटा, राजूलाल बैरवा व गोविंद हाथीवाल आदि मौजूद थे।

### सांसद व विधायकों का होगा अभिनंदन

**पावटा, (निसं)।** श्री राजपूत समाज कोटपुतली सत्ताईसा तँवरावाटी वाल कुंडला सर्व राजपूत समाज कोटपुतली, विराटनगर, बांसुर द्वारा 7 जुलाई रविवार को पावटा स्थित राव रत्ना भवन त्रिवेणी सिटी में नव निर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद व विधायकों के लिए स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व खेल मंत्री राजस्थान व झोटवाडा विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड व अध्यक्षता एवं अभिनंदन अतिथि विशेष के रूप मे नव निर्वाचित जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रुप मे विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड, बांसुर विधायक देवी सिंह, कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल, जमवारामगढ विधायक महेंद्रपाल मीणा, निर्मल कुमावत मौजूद रहेंगे।

# किशनगढ़बास के बाजार बारिश के पानी से जलमग्न, दुकानों में घुसा पानी

**किशनगढबास, (निसं)।** कस्बे में सुबह करीब 30 मिनट हुई तेज बारिश के आने पर मुख्य बाजार गंज रोड एवं तिजारा रोड अनाज मंडी मुख्य सडक एक बार फिर से बारिश के पानी भरने से टापू बन गई। 9 दिन पहले भी बारिश का पानी भरने से भारी नुकसान दुकानदारों को उठाना पडा था।

इसके बाद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया और नगर पालिका महज नाला सफाई के नाम पर खानापूर्ति करने में लगी है परंतु पानी निकासी के अवरुद्ध हो रहे रास्तों की तरफ कोई नहीं देख रहा है। मुख्य बाजार और गंज रोड पर जल भराव की समस्या को लेकर व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एसडीएम मूलचंद लूणिया से मिले और मुख्य बाजार गंज रोड व तिजारा रोड पर अनाज मंडी के सामने सडक पर भरने वाले पानी की समस्या से अवगत कराते हुए निजात दिलाने की मांग रखी।

एसडीएम ने व्यापारियों को अवगत कराया की नगर पालिका की ओर से नालों की सफाई कराई जा रही है। अनाज मंडी अध्यक्ष रमेश चंद अग्रवाल लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना संतोष अग्रवाल प्रभु दयाल सिंघी राजेंद्र मित्तल ने कहा जल भराव की मूल समस्या नालों के साथ पानी निकासी के अवरुद्ध हो रहे रास्ते है जब तक अवरुद्ध रास्तों पर से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तब तक पानी निकासी की समस्या हल नहीं हो सकती है। व्यापारियों ने शहर की पानी निकासी को लेकर नगर पालिका की ओर से जौहड खाई सफाई पर किए गए लाखों रुपए खर्च पर भी सवाल उठाए।

इससे पहले किले के पास पुरानी आबादी रैणी मोहल्ला सहित आसपास की महिलाओं के खाई में पानी भराव के विरोध के चलते नगर पालिका को करीब 1 साल पहले फरमा डालकर खाई में छोडे गए पानी को बंद करना पडा। महिलाओं का कहना था कि पानी को नहीं रोका जाता उनके मकान गिर जाते। पानी भराव के चलते मकान में दरार आने लगी थी। पाइप दबाते वक्त भी पहले का अधिकारी कर्मचारियों को रोका गया था लेकिन उस दौरान हमारी किसी ने नहीं सुनी अगर उस दौरान बात मान लेते तो मकानों में दरार नहीं आती और ना नुकसान होता।



30 मिनट हुई तेज बारिश के आने पर मुख्य बाजार गंज रोड एवं तिजारा रोड अनाज मंडी मुख्य सड़क एक बार फिर से बारिश के पानी भरने से टापू बन गई।

- व्यापार महासंघ अध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम से मिला व्यापारिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की 122वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया की भारत की आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाले युवा संन्यासी, स्वामी विवेकानंद जी की 122 वी पुण्यतिथि पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी, एनसीसी सीटीओ सुरेश कुमार उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत व महाविद्यालय स्टाफ़, विधार्थियों व एनसीसी कैडेट्स ने विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व 2 मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इतिहास व्याख्याता सुनील कुमार ने बताया की स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था और आज ही के दिन 4 जुलाई 1902 को मृत्यु हुई थी। इनका जीवन एक आदर्श पुरूष के रूप में स्थापित रहा है। इन्होने भारत की आध्यात्मिक चेतना को जागृत किया। डॉ वी.के. सैनी ने बताया की हम सभी को स्वामी जी के जीवन से कुछ सीख लेकर समाज में अपना योगदान करना चाहिए।

# मालपुरा में तेल, दूध, दही व पनीर के लिये नमूने

**मालपुरा, (निसं)।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उदेश्य को लेकर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला स्तरीय जांच दल ने गुरूवार को मालपुरा मे तेल, दूध, दही व पनीर के नमुने ले जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य सुरक्षा व औषधी नियंत्रण आयुक्त इकबाल खां व अतिरिक्त आयुक्त पंकज औझा के दिशा निर्देशों की पालना में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने टीम के साथ मालपुरा पहुंच चार अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य वस्तुओं के नमूने जांच के लिये सीलबद्ध किये गये।

जिला चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि टीम ने मालपुरा रिको एरिया मे संचालित गुरूकृपा उधोग एवं गर्ग इंडस्ट्री का औचक निरीक्षण कर कच्ची घाणी मस्टर्ड ऑयल के दो नमूने जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया तो साथ ही सैनी दुध डेयरी से मिक्स दुध का नमुना लिया गया। सरस डेयरी से दही व पनीर का सैम्पल जांच के लिये लिया गया। कार्यवाही के दौरान सत्यनारायण गुर्जर के साथ सुरेश शर्मा,अविनाश साहु, राजेन्द्र सैनी,रामेश्वर व जितेन्द्र मौजूद रहै। गुर्जर ने बताया कि मिलावट खाद्य तेल, घी, दुध, दही, दुध से निर्मित पदार्थ, मिलावटी मसाले, पेय पदार्थ सहित खुले मे खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक को लेकर विभाग द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लगातार मिलावट खोरो पर कार्यवाही की जा रही है। जो कि आगे भी जारी रहेगी। आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना विभाग का लक्ष्य है। जांच टीम के मालपुरा में कार्यवाही की भनक लगते ही मिलावट खोर व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर इधर-उधर हो गये। घटिया मसालो से निर्मित कुरकुरे, नमकीन, सहित अन्य खाद्य सामग्री का मालपुरा मे बडी तादात मे धडल्ले से व्यापार किया जा रहा है। यहां तक की कई नामो से कच्ची घाणी के तेल बिना खाद्य सुरक्षा मानको के बैचे जा रहै है। तो रोजाना बडी मात्रा मे मालपुरा शहर मे अजमेर व जयपुर डीपो की रोडवेज बसो के माध्यम से घटिया मावा मालपुरा मे पहुंच रहा है।



'शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान' के तहत कार्यवाही की गई।

## सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

**फुलेरा, (निसं)।** रेल परिसर स्थित रेलवे सामुदायिक भवन में भारतीय रेलवे के उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल के डीजल शेड फुलेरा में एमसीएफ (सीनियर टेक्नीशियन) के पद से 36 वर्ष की सकुशल रेल सेवा के उपरान्त सेवा निवृत्ति पर क्षेत्र के ढाणी नागान और मूलतः बर ग्राम जिला ब्यावर के निवासी छगनराज गहलोत का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जबकि इसके पूर्व में मण्डल रेल कार्यालय जयपुर में रेल अधिकारियों ने गहलोत का माला, साफा पहनाकर, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इसके बाद फुलेरा स्टेशन पर रेलवे केन्द्रीयकृत लॉबी परिसर में एसएसई चरण सिंह, प्रेमचन्द वर्मा, ललित सैनी, सत्यनारायण शर्मा, लाल चन्द मीणा, राजेन्द्र सहित स्टाफ ने माला साफा और स्मृति चिह्न भेंट कर और मुंह मीठा करवाकर छगन राज गहलोत को विदाई दी। इसी क्रम में स्टेशन परिसर से अपने निवास तक पहुंचने के दौरान रास्ते में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर अभिनन्दन किया। इसके बाद रेलवे सामुदायिक भवन परिसर में डीजल लोको शेड स्टाफ फुलेरा, वेदान्त आश्रम के महन्त सत्यनारायण महाराज, रामजीलाल सैनी आदि उपस्थित रहें।

# रोडवेज बस की टक्कर से कार आगे खड़े डंपर से भिड़ी

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के डिग्गी मोड पर गुरूवार की दोपहर वैशाली नगर डिपो की रोडवेज बस के ब्रेक फेल हो जाने पर रोडवेज ने सडक किनारे खडी कार को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से कार आगे खडे डम्पर से जा भिडी। तीनों ही वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

गुरूवार की दोपहर को जयपुर से भीलवाडा जा रही वैशाली नगर डिपो की सवारियों से भरी रोडवेज बस के ब्रेक फैल हो जाने से अनियंत्रित हुई बस नुक्कड चौराहे पर सडक किनारे खडी का से जा भिडी। बस की टक्कर से कार आगे डम्पर से जा भिडी। गनीमत रही की हादसे मे तीनों ही वाहनों मे सवार सभी लोग सुरक्षित बच गये। बस में सफर कर रही एक महिला यात्री के सिर मे चोट लग जाने से महिला चोटिल हो गई। एक साथ तीन वाहन के भिड जाने से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। तो रोडवेज बस मे यात्रीयों की चींख पुकार सुन दौडे नागरिको ने सभी यात्रियो को सुरक्षित निकाला। सूचना पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस ने बस को सुरक्षा मे ले थाने मे खडी करवाई तथा भारी भीड को हटा स्टेट हाईवे पर यातायात सुचारू कराया।

- रोडवेज बस के ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा, तीनों वाहन क्षतिग्रस्त





डिग्गी थाना पुलिस ने बस को सुरक्षा में ले थाने में खड़ी करवाई तथा भारी भीड़ को हटा स्टेट हाईवे पर यातायात सुचारू कराया।

## अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर कुशाल यादव ने गुरूवार को पंचायत समिति चौथ का बरवाडा के जौला एवं आदलवाडा ग्राम पंचायत के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आमजन व ग्रामीणों की जनसुनवाई का आयोजन कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया।

जिला कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों को प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लाने के प्रयास करने के निर्देश दिए एवं जिन किसानों को सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिला है उनकी सूची बनाकर आवेदन करने का निर्देश चौथ का बरवाडा तहसीलदार को दिया। रेवतपुरा ग्राम में नरेगा योजना में ग्रामीणों को कार्य देने के निर्देश दिए एवं सभी आम रास्तों व चारागाह भूमि से अतिक्रमण को तुरंत मुक्त करने का निर्देश दिया एवं कहा कि विद्युत संबंधी समस्या के निराकरण के लिए लाइनमैन एवं विद्युत विभाग जिला कंट्रोल रूम के फोन नंबर ग्राम पंचायत की दीवार पर तुरंत अंकित किया जावे। जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

आदलवाडा खुर्द में नरेगा योजना अंतर्गत एफएफसी एसएससी योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपए की राशि से किया जा रहे उद्यान विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं ग्राम सेवा समिति आदलवाडा कला का भी निरीक्षण किया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को विद्युत, सडक, नाम शुद्धिकरण, सीमाज्ञान खाद्य सुरक्षा योजना में लाभ दिलाने, अतिक्रमण हटाने एवं ग्रेवल सडक निर्माण करने संबंधी परिवाद पेश किए।

- जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान किया

# कलेक्टर ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सुमेल गांव में विकसित किये जा रहे चारागाह कार्य का अवलोकन एवं ग्राम पंचायत कांकरिया में मोरल बांध रेस्ट हाउस में पौधारोपण किया। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने सुमेल गांव में विकसित किये जा रहे चारागाह का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को चारागाह में नर्सरी विकसित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चारागाह में लगाए गये 3000 से 3500 के मध्य विभिन्न प्रकार के पौधों जिसमें नींबू, लहसवा एवं अन्य फलदार वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन करते हुए कार्य की सराहना की। उन्होंने चारागाह में कल्पवृक्ष का पौधा लगाकर पौधारोपण भी किया एवं स्थानीय जन से योजनाओं के तहत पर्यावरणीय लाभ एवं भूजल रिचार्ज के लिए मानसून के दौरान वृक्षारोपण करने एवं फॉर्म पॉन्ड निर्माण करने की अपील की। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने मोरल बांध रेस्ट हाउस कांकरिया में भी पौधारोपण कार्य का निरीक्षण कर स्वयं पौधारोपण किया, उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण अभियान में जन समुदाय की भागेदारी करवाने के लिए कहा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, उपखंड अधिकारी लालसोट नरेंद्र कुमार मीणा, तहसीलदार अमितेश मीना, वॉटर रिसोर्स विभाग अधिशासी अभियंता मोहनलाल मीणा, वाटरशेड विभाग के एसई हरिकेश मीणा सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।



दौसा कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने पौधारोपण किया।

- आमजन से मानसून के दौरान अधिकाधिक वृक्षारोपण की अपील की

## आध्यात्मिक परख परीक्षा का रिजल्ट घोषित

**टोंक, (निसं)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा निवाई के प्रभु मिलन भवन में आध्यात्मिक परख परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रथम बीके सरिता, द्वितीय बीके पूजा और तृतीय स्थान पर बीके सुरेंद्र रहे, जिनको ईश्वरीय सौगात देखकर पुरस्कृत किया गया। वहीं सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया की पिछले छः महीने से हर सप्ताह रविवार को आध्यात्मिक परख परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सेवा केंद्र पर आने वाले सभी भाई बहन एक विद्यार्थी की तरह बढ चढकर रुचि ले रहे हैं, इससे उनका आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति उमंग उत्साह तो बढ ही रहा है साथ ही व्यर्थ और नकारात्मकता से भी मुक्त बन रहे हैं। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने अच्छे अंक लाने वाले को बधाई दी साथ ही पुरुषार्थ बढाने की बातें भी बताई।

## सार-समाचार

### सीएचसी परिसर में 51 पौधे लगाये



**भांडारेज, (निसं)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय में पौधारोपण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अंजना भार्गव ने पौधारोपण के दौरान कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में एक पेड जरुर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक अच्छी पहल है। इस दौरान पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी नृर्सिंग अधिकारी धीरज बैंसला, गजेंद्र बाकोलिया, सुरेश गुर्जर ने पौधों की देखरेख की ली। नर्सिंग अधिकारी धीरज बैंसला ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में 51पौधे लगाये गये हैं।

### मृतका के पति को चार लाख का क्लेम



**सांभरझील, (निसं)** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा सांभर द्वारा गुरूवार को दीपक कुमार को 2-2 लाख रुपए का क्लेम उनकी पत्नी तुलसी शर्मा की मृत्यु उपरांत दिया गया। ज्ञात हो कि खाता धारक की मृत्यु एक सडक दुर्घटना में 14 अप्रैल को हो गयी थी। मृतका तुलसी शर्मा का बचत खाता इसी बैंक में खुला हुआ था और इन्होंने उस खातें से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना करवा रखी थी। बीमा क्लेम की राशि का चेक शाखा प्रबंधक ओपी खटीक सहायक प्रबंधक रोहित कुमार मीणा, सहायक प्रबंधक प्रकाश कुमार प्रजापत ने प्रदान किया।

### आरोपियों की जमानत खारिज

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला परिवार व पोक्सो न्यायालय ने दो अलग-अलग थानों में दर्ज नाबालिग पीडिता का अपहरण व ब्लैकमेल कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी विपिन सिंह राजावत उर्फ अभी निवासी कुसाय थाना कोतवाली गंगापुर सिटी का एवं दूसरे मामले में नाबालिग पीडिता को अश्लील मैसेज करने व छेडछाड करने के आरोपी अध्यापक हंसराज गुर्जर निवासी चांदणोली थाना मलारना डूंगर का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। राजस्थान सरकार व पीड़िता की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया की जिले के एक थाने में पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कर बताया था कि 14 मई 2023 को मेरी नाबालिग पुत्री कोचिंग जा रही थी तो आरोपी विपिन राजावत ने डरा धमका कर मोबाइल छीन लिया व वीडियो क्लिप का डर दिखाकर ब्लैकमेल करने की धमकी देने लगा व शारीरिक संबंध बनाए व धमकी देकर 40हजार की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी विपिन राजावत उर्फ अभी को 24 जून 2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है। दूसरे अन्य मामले में एक बाबा ने पीडिता के साथ थाने में पहुंचकर मामला दर्ज कर बताया कि आरोपी शिक्षक शिक्षण संबंधी जानकारी के लिए एक ग्रुप चलता है। उसमें मेरी नाबालिग को गलत मैसेज कर वीडियो कॉल करने को कहता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी शिक्षक हंसराज गुर्जर को 3 जुलाई 2024 को गिरफ्तार गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी शिक्षक न्यायिक अभिरक्षा में है।

### डांगरथल में जनसुनवाई आयोजित

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत डांगरथल पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.शैलेंद्रसिंह चौधरी ने गुरुवार को जनसुनवाई की। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्रसिंह चौधरी व सरपंच बजरंगलाल बैरवा ने जनसुनवाई की। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नरेंद्रसिंह राठौड ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर लोगों द्वारा किए हुए अतिक्रमण के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने अधिकारियों को अवगत करवाया कि यदि अतिक्रमण अभी हट जाता है तो पौधारोपण किया जा सकता है। पूर्व में भी कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन व ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत करा दिया गया। लेकिन अब तक भी अतिक्रमण नहीं हट पाया है। जनसुनवाई कार्यक्रम में सडक पर हो रहे खड्डों का भी परिवाद आया। जिसे भी प्रभारी ने ग्राम पंचायत को शीघ्र निस्तारण करने के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान हल्का पटवारी, रंभा पटवारी, नर्सिंग ऑफिसर हनुमान शर्मा, जगदीश चौधरी, संदीप पारीक, श्योजी गुर्जर, लक्ष्मी गुर्जर व अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

### पेड़ बचाने एवं लगाने का संकल्प लिया

**निवाई, (निसं)।** गांव भेरूपुरा में युवाओं ने वन संरक्षण को लेकर पौधारोपण किया। बंशीराम चौधरी ने बताया कि बुजुर्गों की प्रेरणा से गांव में पौधारोपण करके पेड बचाने एवं लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बंशीराम चौधरी, लोकेश भैरूपुरा, विकास चौधरी, शंकर चौधरी व हितेश चौधरी सहित कई युवा मौजूद थे।

### चार दीवारी निर्माण पर जोर दिया

**दूदू, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सभागार में अभिभावक संघ एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक प्राचार्य डॉक्टर संदीपन आर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अभिभावकों के साथ महाविद्यालय में बालिकाओं को आने जाने वाली यातायात व्यवस्था सुधार करने महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा के लिए चार दीवारी निर्माण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अभिभावकों से कहां की छात्राओं को नियमित महाविद्यालय में अध्ययन हेतु भेजा जावे साथ ही आए अभिभावकों से एक पेड लगाने का संकल्प दिलाया गया। अभिभावकों द्वारा बताये गये सुझाव पर भी विचार विमर्श किया जाकर समाधान का आश्वासन दिया गया। इस दौरान डॉक्टर मुकेश शर्मा डॉक्टर रजनी शर्मा रामनारायण मुकेश यादव रामचंद्र मीणा एवं अन्य प्राचार्य भी मौजूद रहे।

### प्रतिभावानों की जुलूस रैली निकली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पीएम श्री शहिद गजराज सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिवराला में नामांकन वृद्धि एवं सर्वोच्च अंक बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साफा, माला व तिलक लगाकर एवं वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया। इस के बाद रैली को प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होकर निकली। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उत्कर्ष परीक्षा परिणाम को देखते हुए जगह-जगह विद्यालय स्टाफ का स्वागत किया गया। प्रार्थना स्थल पर एक साथ 27 विद्यार्थी नव प्रवेश हेतु उपस्थित हुए। जिनका प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर व समस्त स्टाफ ने माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने पीएम श्री योजना अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।